समाचार

कांशीनगर में किया गया था अतिक्रमण, निगम अमले ने तोड़ा

कोरबा 18 अप्रैल 2021 –लाकडाउन का फायदा उठाकर कांशीनगर में एक व्यक्ति द्वारा दीवाल उठाकर अतिक्रमण कर लिया गया था, वहीं एक अन्य व्यक्ति द्वारा गुमठी का निर्माण किया जा रहा था, आज निगम अमले ने वहां पर पहुंचकर उक्त दोनों अतिक्रमणों को जे.सी.बी. के माध्यम से तोड़ा तथा संबंधितों को कड़ी हिदायत दी कि यदि उनके द्वारा पुनः अतिक्रमण का प्रयास किया जाता है तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

कोरोना संकट के इस दौर में भी अतिक्रमणकारी बेजा कब्जा व अतिक्रमण करने से बाज नहीं आ रहे हैं तथा उनके द्वारा अतिक्रमण की कोशिशे की जा रही है किन्तु निगम का अमला इस दिशा में सजग है तथा वह अतिक्रमण पर निरंतर नजर रखते हुए जहां कहीं भी अतिक्रमण की जानकारी मिलती है, तुरंत अतिक्रमण हटाने का कार्य कर रहा है। नगर पालिक निगम कोरबा के कोसाबाड़ी जोनांतर्गत वार्ड क्र. 20 कांशीनगर में एक व्यक्ति द्वारा दीवाल उठाकर अतिक्रमण किया गया था, जिसे निगम अमले द्वारा आज तोड़ दिया गया। इसी प्रकार एक अन्य व्यक्ति द्वारा वहां पर गुमठी का निर्माण किया जा रहा था, उसे भी निगम अमले द्वारा हटा दिया गया तथा संबंधितों को कड़ी हिदायत दी गई कि वे अतिक्रमण न करें, दोबारा अतिक्रमण करने पर उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

अतिक्रमण पर कड़ी कार्यवाही करें–आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने निगम के अधिकारियों को कड़े निर्देश दे रखें हैं कि लाकडाउन का फायदा उठाकर जिन व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है, उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही करें तथा अतिक्रमण हटाने के साथ ही एफ.आई.आर. भी दर्ज कराएं।